

बारिश के मौसम में अक्सर लोग बाहर निकलने से मना करते हैं। लेकिन मौसम ही इतना सुहाना होता है कि अपने आपको रोक नहीं पाते हैं। ऐसे में कही न कही आउटिंग का प्लान बन ही जाता है। लेकिन लड़कियां मेकअप नहीं करें ऐसा हो नहीं सकता है। लेकिन बारिश के मौसम में सबसे बड़ी समस्या है पानी में भीगने पर पूरा मेकअप उतर जाता है। लेकिन बारिश में अगर आप वाटरप्रूफ मेकअप करेंगे तो आपका मेकअप लंबे वक्त तक टिका रहेगा। तो आइए जानते हैं वॉटरप्रूफ मेकअप करते वक्त किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और कैसे करना चाहिए।

# वॉटरप्रूफ मेकअप करते वक्त रखें ध्यान

बारिश के मौसम में अक्सर आउटिंग का प्लान बन ही जाता है। लेकिन लड़कियां मेकअप नहीं करें ऐसा हो नहीं सकता है। लेकिन बारिश के मौसम में सबसे बड़ी समस्या है पानी में भीगने पर पूरा मेकअप उतर जाता है। तो आइए जानते हैं वॉटरप्रूफ मेकअप करते वक्त किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और कैसे करना चाहिए।

## मेकअप करने के लिए बेस तैयार करें

जी हां, बारिश में मेकअप करने के लिए पहले आपको अपनी स्किन पर बेस तैयार करना होगा। इससे आपकी त्वचा पर मेकअप लंबे वक्त तक टीका रहेगा। इसके लिए 15 मिनट तक अपने चेहरे पर बर्फ से हल्के हाथों से मसाज करें। मसाज के बाद हल्के हाथों से चेहरे को पोंछ लें।

## मैट आधारित प्रोडक्ट्स का करें चयन

बारिश के मासैम लिक्विड फाउंडेशन बहुत अधिक लंबे वक्त तक नहीं टिकते हैं। वह पानी लगते ही त्वचा से धुल जाते हैं। मैटिफाइंग बेस या पाउडर का उपयोग करने से मेकअप चेहरे पर संतुलित रहेगा। दरअसल मैट बेस्ड प्रोडक्ट आपके चेहरे के ऑयल को सोख लेते हैं। जिससे चेहरा साफ और चमकदार लगता है।

## मैट आईशैडो, आईलाइनर और काजल

बारिश के मौसम में मैटि मेकअप ही करें। ताकि पानी में भीगने पर आप मेकअप नहीं फैलेगा। आपने भी देखा होगा, लिक्विड बेस्ड आईशैडो, आईलाइनर और काजल लगाने पर पानी से फैलने लगता है। और चेहरे लंबी-लंबी काले पानी की लाइंस बन जाती है।

## मैट लिपस्टिक

बनावट के अनुसार किसी के चेहरे पर सिर्फ लिक्विड लिपिस्टिक ही अच्छी लगती है। लेकिन बारिश में मैट लिपस्टिक ही लगाएं। वह लंबे वक्त तक टिकी रहेगी और पानी लगने पर भी नहीं फैलेगी।



## मेकअप स्प्रे

वैसे तो मेकअप स्प्रे का उपयोग बहुत अधिक नहीं करना चाहिए। इसमें केमिकल्स होते हैं जो आंखों में जा सकता है। लेकिन बारिश के मौसम में आउटिंग पर जा रहे हैं तो मेकअप करने के बाद स्प्रे जरूर करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा। नमी होने, पानी में भीगने या पसीना होने पर भी मेकअप नहीं निकलेगा।



# फेस शेप के हिसाब से चुनें बिंदी डिजाइन

**बिंदी महिलाओं के श्रृंगार का खास हिस्सा है, जिसे लगाने से चेहरे की खूबसूरती बढ़ जाती है। भारतीय महिलाओं का श्रृंगार तो बिंदी के बिना अधूरा माना जाता है लेकिन चेहरे पर निखार तभी आता है जब बिंदी फेस शेप के हिसाब से लगाई जाए। आज हम आपको चेहरे के हिसाब से बिंदी का स्लैक्शन करना बताएंगे, जिससे आप भी परफेक्ट लुक पा सकेंगी। तो चलिए जानते हैं किस आकार के चेहरे पर कौन-सी बिंदी जचती है।**

## ट्रॉएंगल फेस शेप

ट्रॉएंगल शेप के चेहरे पर गोल बिंदी खूब जचती है। आप अपने ड्रैस के हिसाब से छोटी-बड़ी गोल बिंदी को चुन सकती हैं।

## स्क्वेयर फेस शेप

स्क्वेयर शेप चेहरे पर गोल और वी आकार बिंदी अच्छी लगती है। इस शेप वाली महिलाओं को ज्योमेट्रिकल डिजाइनर बिंदी नहीं लगानी चाहिए। इससे लुक खराब हो जाती है।

## हार्ट फेस शेप

अगर आपका चेहरा हार्ट शेप का है तो आप छोटी और बारीक डिजाइन वाली बिंदियां ट्राई करें। इसे लगाने से आपका माथा न सिर्फ बड़ा लगेगा बल्कि यह आपको खूब फबेगी भी।

## ओवल फेस शेप

वैसे तो इस आकार के चेहरे वाली महिलाएं किसी भी डिजाइन की बिंदी लगा सकता है। मगर लंबी या बड़ी गोल बिंदी आपको ज्यादा अट्रैक्टिव लुक देगी।

## राउंड फेस शेप

राउंड फेस शेप होने पर लंबी बिंदी ट्राई करें। यह आपके हर लुक के साथ सूट करेगी लेकिन आप बहुत ज्यादा छोटी बिंदी न लगाएं क्योंकि इस फेस शेप पर छोटी बिंदी अच्छी नहीं लगती।

## डायमंड शेप फेस

डायमंड शेप फेस यानि छोटा माथा और चौड़ा जॉलाइन। इस तरह के चेहरे पर लंबी और पतली बिंदी लगानी चाहिए।





# इन चीजों से अपने फॉर्मल लुक को बनाएं स्टाइलिश

**कैजुअल और पार्टी वियर लुक में जान डालने के लिए तो हमारे पास कई विकल्प होते हैं, लेकिन जब बात आती है फॉर्मल लुक की तो समझ नहीं आता कि क्या पहनें!**

जॉब करने वाली लड़कियों के पास एक्सपेरिमेंट करने के लिए बहुत कम स्कोप होता है। क्योंकि फॉर्मल के साथ अगर आप कुछ भी उल्टा सीधा पहनेंगी तो एक तो आपको ऑफिस में टोक दिया जाएगा और दूसरा आप हंसी का पात्र भी बन सकती हैं। इसी डर के कारण लड़कियां फॉर्मल लुक के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं करती हैं। लेकिन आपको यह बता दें कि अगर एक बार आपको स्टाइल की नॉलेज हो जाए तो आप अपने फॉर्मल लुक को भी कूल और स्टाइलिश बना सकती हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसी एक्सेसरीज के बारे में बता रहे हैं जिन्हें कैरी कर के आप अपनी बोरिंग सी ड्रेस में भी जान डाल सकती हैं।

## क्राउन स्टाइल हेयरबैंड

हेयर एक्सेसरीज पहनकर भी आप अपने फॉर्मल लुक को सबसे अलग दिखा सकती हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इसके लिए आपको कोई टोकेगा भी नहीं। हेयर एक्सेसरीज में आजकल क्राउन स्टाइल हेयरबैंड ट्रेंड में है, जैसे कि सेलिब्रिटी फैशन डिजाइनर विभु महापात्र का लेटेस्ट कलेक्शन। इस तरह के हेयरबैंड आपको किसी भी मार्किट में मिल जाएंगे।

## फुटवियर और हैंडबैग

फुटवियर और हैंडबैग ऐसी चीजें हैं जिन्हें फॉर्मल लुक के साथ बहुत सोच समझकर चुनना चाहिए। अगर फुटवियर की बात करें तो आप अपने लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए हील्स वाली सैंडल पहन सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे हमेशा कम्फरटेबल हील्स ही पहनें। वहीं, आजकल लॉन्ग बैग फैशन में हैं, आप इन्हें भी पहन सकती हैं।

## रिस्ट वॉच

अगर आपको यह लग रहा है कि अब रिस्ट वॉच फैशन में नहीं है तो हम आपको यह क्यों सजेस्ट कर रहे हैं! तो बता दें कि फॉर्मल ड्रेस के साथ रिस्ट वॉच हमेशा से फैशन का हिस्सा रही है। अगर आप फिल्मों में किसी एक्ट्रेस को फॉर्मल लुक में दिखेंगी तो वह भी रिस्ट वॉच ही कैरी करती हैं। इसलिए अगर आप भी अपने फॉर्मल लुक को बोल्ड और स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो रिस्ट वॉच पहनें।

## नेकपीस

अपने ऑफिस लुक को क्लासी और स्टाइलिश बनाने के लिए आप फॉर्मल के साथ नेकपीस कैरी कर सकती हैं। आजकल मिनिमल जूलरी ट्रेंड में हैं, ये ऑफिस के लिए एकदम बेस्ट हैं। ये शर्ट और ड्रेस हर किसी के साथ जचते हैं। आप गोल्ड या प्लेटिनम वाली छोटे पैंडल की नेकपीस भी पहन सकती हैं।

## सनग्लासेज

सनग्लासेज भी आपके फॉर्मल लुक में चार चांद लगाते हैं इसलिए इन्हें भी आप अपने फेस के अनुसार सही शेप और कलर में कैरी कर सकती हैं। साथ ही आजकल फैंसी स्टाइल में नजर के चश्मे भी आ रहे हैं। आप ऑफिस में पूरे टाइम इन्हें पहनकर भी खूबसूरत दिख सकती हैं। कहने का मतलब यह है कि सनग्लासेज कैरी कर के भी आप अपने फॉर्मल लुक में जान डाल सकती हैं।

# ऑफिस के लिए ट्राई करें ये क्लासी हेयरस्टाइल

किसी पार्टी या फंक्शन के लिए तो हेयरस्टाइल बनाना आसान होता है, क्योंकि यहां हमारे पास बहुत सारे ऑप्शन भी होते हैं और टाइम भी होता है। लेकिन जब बात ऑफिस की आती है तो हर लड़की कन्फ्यूज हो जाती है। क्योंकि एक तो ऑफिस के लिए आपको सिंपल हेयरस्टाइल चुनने होते हैं, दूसरा यह कि सुबह के वक्त सभी के पास टाइम भी कम होता है, इसलिए हर लड़की ऐसे हेयरस्टाइल बनाना चाहती है जो जल्दी बन जाएं। अगर आप ऑफिस के लिए वही घिसा पिटा जूड़ा बनाकर बोर हो गई हैं और कुछ नया ट्राई करना चाहती हैं तो ये आर्टिकल आपके लिए ही है। क्योंकि आज हम आपके लिए कुछ नए और ट्रेंडी हेयरस्टाइल लेकर आए हैं। इन्हें आप ऑफिस के लिए बनाकर अपनी पर्सनेलिटी में चार चांद लगा सकती हैं। साथ ही ऑफिस में आपको हर कोई कॉम्प्लीमेंट भी देगा।



## ब्रेडेड बन स्टाइल

ऑफिस के लिए ब्रेडेड बन स्टाइल काफी कूल और स्टाइलिश लगता है। साथ ही इसे बनाना भी काफी आसान होता है। इसे हेयरस्टाइल को बनाने के लिए बालों को दो पोर्शन में बांट लें। अब अपने आधे बालों से एक हाई बन बनाएं और फिर आधे बालों से चोटी बनाकर बन के पास मोड़कर पिन-अप करें। आप चाहे फॉर्मल पहनें या कोई और ड्रेस, ये हेयरस्टाइल हर ड्रेस के साथ सूट करेगा।

## साइड ट्विस्टेड बन



ये ऐसा हेयरस्टाइल है जो हर एज ग्रुप पर सूट करता है। यह आपके बोरिंग लुक और ड्रेस में जान डालने का काम करता है। अगर आपके ऑफिस में कोई फंक्शन है तो आप वहां पर भी इसे ट्राई कर लोगों की तारीफें बटोर सकती हैं। इसमें आप आगे के बालों का कुछ हिस्सा ट्विस्ट करते हुए पीछे ले जाएं और बाकी बालों में बन बनाकर इस ट्विस्टेड बालों को उसमें मिलाते हुए पिन-अप करें। आपका हेयरस्टाइल तैयार है।



## डोनट बन

यह बन बनने के बाद वाकई बहुत खूबसूरत लगता है। सबसे अच्छी बात यह है कि यह जितना अच्छा इंडियन ड्रेस के साथ लगता है उतना ही वेस्टर्न ड्रेस के साथ भी लगता है। इसलिए आप इसे ऑफिस के लिए ट्राई कर सकती हैं। इस हेयरस्टाइल को बनाने के लिए आपको डोनट मेकर की जरूरत पड़ती है। हालांकि यह आपको आसानी से मार्केट में मिल जाता है।

## मैसी हेयरस्टाइल



मैसी हेयरस्टाइल बहुत ही रफ एंड टफ हेयरस्टाइल होता है। ये बनाने में जितना आसान होता है उतना ही बनने के बाद कूल और क्लासी लगता है। इसमें आप अपनी पसंद के हिसाब से लो या मीडियम बन बना सकती हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि इसे बनाने में बहुत कम समय लगता है।



# बच्चों के लिए बनाएं वनीला मफिन्स

बच्चों को मफिन्स खूब पसंद आते हैं। ऐसे में आप उनके लिए खास घर पर वनिला मफिन बना सकती है। इसे बनाने के लिए आपको दूध, सिरका, आटा, वनीला एसेंस आदि की जरूरत पड़ेगी। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका.

### सामग्री

ओवन का तापमान- 325 F-160C
आटा- 2 कप, दूध- 1 कप, सिरका- 2 कप
बेकिंग पाउडर- 2 छोटे चम्मच, बटर- 1/2 कप
पीसी चीनी- 1/2 कप
वनीला एसेंस- 2 छोटे चम्मच
चॉकलेट चिप्स- जरूरत अनुसार

### विधि

- सबसे पहले बाउल बेकिंग पाउडर, मक्खन, आटा और चीनी मिलाएं।
- अब इसमें सिरका, वनीला एसेंस और दूध डालकर मिलाएं।
- बैटर ना ज्यादा गाढ़ा हो और ना ज्यादा पतला हो।
- अब इसमें चॉकलेट चिप्स मिलाएं।
- बैटर को फेंटकर स्मूद करें और मफिन मोल्डस में भरें।
- अब प्रीहिट ओवन में 20 से 25 मिनट तक मफिन बेक करें।
- तैयार मफिन्स को चॉकलेट चिप्स से गार्निश करके सर्व करें।

# शाम को स्नैक्स में खाएं भूने आलू की चाट



आलू की चाय को आपने कई बार खाई होगी। इसे बनाने के लिए आलू को उबालकर इस्तेमाल किया जाता है। मगर क्या आपने कभी भूने आलू की चाट खाई है? चलिए आज हम आपको खास भूने आलू की चाट बनाने का तरीका बताते हैं.

### सामग्री

आलू- 3-4,
नमक- 1 कटोरी
काली मिर्च- 1/2 छोटा चम्मच
चाट मसाला- 1 छोटा चम्मच
हरी चटनी- 1 बड़ा चम्मच
मीठी चटनी- 1 बड़ा चम्मच
धनिया- 2 बड़े चम्मच (बारीक कटा)
महीन सेव- 1 कटोरी

### विधि

- सबसे पहले पैन में नमक गर्म करें।
- अब इसमें बिना छिलका उतारे आलू रखकर भूनें।
- आलू को करीब 10 मिनट तक भूनें।
- फिर इसे प्लेट में रख कर काट लें।
- आलू पर काली मिर्च पाउडर और चाट मसाला डालकर मिलाएं।
- आलू अच्छे से मिक्स करने के बाद इसमें हरी और मीठी चटनी डालकर मिलाएं।
- अब इसे सर्विंग प्लेट में निकाल कर महीन सेव और धनिया पत्ती से गार्निश करके सर्व करें।

# बच्चों के लिए मिनटों में बनाएं अनानास स्मूदी

अनानास पोषक तत्वों व एंटी-ऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर होता है। इसका सेवन करने से इम्यूनिटी से लेकर वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है। मगर अक्सर लोगों को इसे काटकर खाना पसंद नहीं होता है। ऐसे में आप इसकी स्मूदी बनाकर पी सकती है। आप इसे बच्चों को भी पिला सकती है। चलिए जानते हैं इसे बनाने का तरीका.

### आवश्यक सामग्री

फ्रोजन केला- 1/4
फ्रोजन या ताजा अनानास- 1 कप
ताजा पालक- 1 कप
काजू- 1/4 कप
मैका पाउडर- 1 बड़ा चम्मच
नारियल पानी- 1 कप
नींबू का रस- 1 बड़ा चम्मच

### विधि

- ब्लेंडर या स्मूदी मेकर में सभी सामग्री डालकर स्मूद पेस्ट बनाएं।
- अब इसे अपने मनपसंद गिलास में भरकर सर्व करें।

